गीतापदार्थकोष का प्राक्कथन

विशाल भारतीय आध्यात्मिक वाङ्.मय में कौन-सा ऐसा ग्रंथ है जिसे अनमोल-मणि - माणिक्य नहीं कहा जा सकता, तथापि भगवान् श्रीकृष्ण के श्रीमुख से महाभारत युद्ध के आरंभ होने से पहले आलौकिक ज्ञान की जो गंगा बही है और जिसको सम्मान से श्रीमद्भगवद्गीता कहा जाता है वह तो इस वाङ्.मय में अभूतपूर्व है।

भगवद्गीता के संबंध में अनेक देशी-विदेशी विद्वानों और राजनीतिज्ञों ने अपने-अपने ढंग से इस अद्भुत ग्रंथ की सराहना करके अपनी वाणी को धन्य किया है।

कुछ विदेशी विद्वानों के विचार नीचे दिए गए हैं :-

1. The Bhagwad Gita is "the most beautiful and profound philosophical work in the world" -

W. Von Humbold

2. "In the morning I bathe my intellect in the stupendous and cosmogonal philosophy of the Bhagwad Gita...in comparison with which our modern world and its literature seem puny and trivial."

-Henry David Thoreau

(As quoted by Hon'ble justice S.N.Shrivastava of the Allahabad High Court in civil Misc. Writ Petition No. 56447 of 2003, in the judgement dated 30 August 2007)

20वीं शताब्दी के सर्वाधिक लोकप्रिय भारतीय महापुरुषों में महात्मा गाँधी जी (श्री मोहनदास करमचन्द गाँधी) ने अपने श्रद्धासुमन निम्नलिखित शब्दों में व्यक्त किए हैं :-

''ज्यों-ज्यों मैं 'गीता' का अभ्यास करता हूं, त्यों-त्यों मुझे उसकी अनुपमता अधिकाधिक मालूम होती जाती है। मेरे लिए 'गीता' आध्यात्मिक कोष है। मैं जब कार्याकार्य की दुविधा में पड़ जाता हूँ तब मैं इसी का आश्रय लेता हूँ और अब तक इसने मुझे कभी निराश नहीं किया। यह सच्ची कामधेनु है।''

उन्होंने तो यहाँ तक कहा कि ''गीता समस्त उपनिषदों का दोहन है। कोई हिन्दू बगैर उसके ज्ञान के नहीं होना चाहिए।''

चूंकि महात्मा गाँधी जी के मन-वचन और कर्म में कोई अन्तर नहीं था,

इसलिए उन्होंने अपनी घोर व्यस्त दिनचर्या के होते हुए भी यरवदा जेल, पुणे में होते हुए (18 मार्च 1922 से 5 फरवरी 1924 तक) गीतापदार्थकोष नाम से 3839 शब्दों का एक शब्दकोष तैयार किया जिसमें संस्कृत से गुजराती भावार्थ था। उक्त शब्दकोष गीतापदार्थकोष के नाम से श्रीदत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर (काका कालेलकर महाराज) के प्रयासों से सन् 1936 में प्रकाशित हुआ।

किन्तु उक्त शब्दकोष संस्कृत से हिन्दी में अभी तक प्रकाशित नहीं हो सका है। हमारे सौभाग्य से आधुनिक भारत के अनन्य गाँधीवादी और रेलवे बोर्ड (रेल मंत्रालय) के सेवानिवृत्त अध्यक्ष डॉ. योगेन्द्र पाल आनन्द (पूर्व निदेशक, राष्ट्रीय गाँधी संग्रहालय, राजघाट, नई दिल्ली) ने अथक परिश्रम करके गीतापदार्थ कोष का गुजराती से हिन्दी में अनुवाद किया। इस कोष में महात्मा गाँधी जी की 24 सितम्बर 1936 को लिखी गई प्रस्तावना, काका कालेलकर जी के 'दो शब्द', काका कालेलकर जी के ही 'संशोधित परिवर्धित दूसरा संस्करण' (28.3.1960) शीर्षक से विचार और श्रद्धेय डॉ. योगेन्द्र पाल आनन्द (वाई.पी.आनन्द नाम से प्रसिद्ध) के 'अनुवादक की ओर से' शीर्षक से कुछ सूत्रबद्ध विचार (दिनांक 2 अक्टूबर 2004) शामिल हैं। ये सब ही इस गौरवमय ग्रंथ के आरंभ में इस ग्रंथ की शोभा बढ़ाने में पूरी तरह सहायक हैं, विश्वास है कि पाठक इन्हें अवश्य पढ़ेंगे।

हमारा यह भी विश्वास है कि यह ग्रंथ भारतीय आध्यात्मिक वाङ्.मय में सदैव आदरणीय और श्लाघनीय रहेगा। इस अवसर पर हम काका कालेलकर महाराज सहित डॉ. योगेन्द्र पाल आनन्द जी, राष्ट्रीय गाँधी संग्रहालय और पहले के गीतापदार्थकोष के प्रकाशन में सहायक सब महानुभावों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करते हैं।

हमारे संस्थान के राष्ट्रीय प्रधान श्री भारतेन्दु प्रकाश सिंहल, पूर्व पुलिस महानिदेशक, पूर्व विशेष सचिव (गृह मंत्रालय), पूर्व राज्यसभा सदस्य का भी आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने इस अनमोल ग्रंथ को यथाशीघ्र प्रकाशित करने का निर्णय लेकर देश की सेवा में अपना विशेष योगदान किया है।

डॉ. महेश चन्द्र
महामंत्री
सांस्कृतिक गौरव संस्थान
डाक पेटी संख्या 5016,
रामकृष्णपुरम्, नई दिल्ली-110 022

फाल्गुन पूर्णिमा
संवत् 2066 विक्रमी
दिनांक 28 फरवरी 2010

गीतापदार्थकोष

[श्रीमद् भगवद्गीता में आए सब शब्दों के अर्थ
एवं स्थल निर्देश]

द्वारा

महात्मा गांधी

संपादक

काका साहेब कालेलकर

गुजराती से हिन्दी अनुवाद

डा. वाई. पी. आनन्द

सांस्कृतिक गौरव संस्थान
डाक पेटी सं. 5016
रामकृष्णपुरम्, नई दिल्ली-110022
वेबसाइट - www.hindusthangaurav.com

अनुक्रमणिका

पृ. संख्या

प्रस्तावना : 'गीतापदार्थकोष' की मो. क. गांधी 5-7

'दो शब्द' दत्तात्रेय बालकृष्ण [काका] कालेलकर 8-11

संशोधित परिवर्धित दूसरा संस्करण काका कालेलकर 12-13

अनुवादक की ओर से डॉ. वाई. पी. आनन्द 14-16

गीतापदार्थकोष मो. क. गांधी 17-214

© प्रतिलिपि-अधिकार लेखक के अधीन

प्रथम संस्करण : सम्वत् 2067 विक्रमी

मुद्रक :
एक्सेलप्रिंट, सी-36, फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स
झण्डेवालान, नई दिल्ली-110055

प्रस्तावना : 'गीतापदार्थकोष' की[1]

काकासाहब ने अपने ''दो शब्द" में बताया है कि यह कोष बारह वर्ष पहले[2] तैयार हो गया था और जैसा होना चाहिए वैसा न होने के बावजूद अब क्यों प्रकाशित हो रहा है।

जिन्हें मेरे नाम से प्रकाशित ['गीता' के] अनुवाद[3] में कुछ भी रस है, उनके लिए यह कोष सहज ही आवश्यक हो जाता है। सम्भव है, दूसरे गीताभ्यासियों के लिए भी यह कोष उपयोगी हो। उनको मेरा यह सुझाव है कि यदि 'पदार्थकोष' में दिया हुआ अर्थ उन्हें न रुचे और दूसरा अर्थ अधिक प्रिय मालूम हो, तो वे उसी में नोट कर लें। ऐसा करने से उनकी अपनी मनोभिरुचि का कोष बहुत थोड़े परिश्रम से तैयार हो जायेगा। और ऐसे गीताभ्यासी अगर अपना पसंद किया हुआ अर्थ मुझे लिख भेजेंगे तो मैं उनका आभार मानूंगा।

ज्यों-ज्यों मैं 'गीता' का अभ्यास करता हूं, त्यों-त्यों मुझे उसकी अनुपमता अधिकाधिक मालूम होती जाती है। मेरे लिए 'गीता' आध्यात्मिक कोष है। मैं जब कार्याकार्य की दुविधा में पड़ जाता हूं तब मैं इसी का आश्रय लेता हूं और अब तक इसने मुझे कभी निराश नहीं किया। यह सच्ची कामधेनु है। पहले नित्य एक श्लोक, फिर पांच, फिर नित्य एक अध्याय, फिर चौदह दिन में पारायण, और इधर अंत में कुछ वर्षों से सात दिन का पारायण हममें से कुछ लोग करते आ रहे हैं, और खास-खास दिन खास-खास अध्याय का पाठ प्रातः काल साढ़े 4 बजे के लगभग सुनते हैं। कुछ लोगों ने, जो बहुत थोड़े हैं, 18 अध्याय कंठ कर लिये हैं। वार के अनुसार सबेरे की दैनिक प्रार्थना में यह क्रम चलता है:

शुक्रवार 1, 2	मंगलवार 13, 14, 15
शनिवार 3, 4, 5	बुधवार 16, 17
रविवार 6, 7, 8	गुरुवार 18
सोमवार 9, 10, 11, 12	

इस प्रकार के विभाग के विषय में इतना ही कहना पर्याप्त है कि इसके पीछे एक विचार श्रेणी रही है। इस रीति से मनन करना अनुकूल पड़ता है, ऐसा अनुभव है।

शुक्रवार से पारायण क्यों शुरू हुआ, यह प्रश्न हो सकता है। कारण इसका इतना ही है: खासे समय तक हमारा चौदह दिन का पारायण चलता रहा। यरवडा जेल में सात दिन के पारायण का विचार मेरे मन में आया और शुक्रवार को वह विचार कार्यरूप में परिणत हुआ; इस प्रकार तब से पारायण-सप्ताह शुक्रवार को शुरू होता है।

पारायण की बात को यहां स्थान देने में दो हेतु हैं। एक हेतु तो यह बताने का है कि 'गीता' - भक्ति आजकल हममें से कुछ लोगों को कहां तक ले गई है, और दूसरा हेतु है, पाठ करने वालों को अभ्यास के लिए प्रोत्साहित करने का मार्ग बताना।

पर 'गीता' का गान करके ही हम निहाल नहीं हो सकते। 'गीता' धर्म का दर्शन कराने वाला कोष है, आत्मा की गुत्थियों को सुलझाने वाली एक प्रचंड शक्ति है, दुखियों का आधार है, मूर्च्छा से जगाने वाली है - ऐसा जो मानता है, उसे ही 'गीता' - गान मदद दे सकता है। बिना अर्थ समझे हुए 'गीता' - गान स्वतन्त्र रीति से मनुष्य का कल्याण करता है, ऐसा कहने का मेरा यहां बिल्कुल आशय नहीं। उचित प्रयत्न से पाले हुए तोते को 'गीता' अवश्य कंठ कराई जा सकती है, पर इससे तोते को या उसके शिक्षक को रत्ती-भर भी पुण्य प्राप्त होने वाला नहीं है।

'गीता' जीवित, जीवन देने वाली, अमर माता है। दूध पिला-पिलाकर पालने वाली माता किसी दिन दगा देकर चली जायेगी। असंख्य माताएं अपनी संतान को खतरों से बचाने में असमर्थ पाई जाती हैं, ऐसा हमारे देखने में आता है। किंतु गीता माता की शरण लेने वाला भयंकर खतरे में से बच जाता है। यह नित्य जागृत रहती है। कभी दगा नहीं देती। पर जैसे बगैर मांगे मां भी नहीं परोसती, उसी तरह गीता-माता भी बिना मांगे कुछ नहीं देती। वह किसी को गोद में लेने से पहले उसकी कड़ी परीक्षा लेती है, पूर्ण शक्ति की अपेक्षा रखती है। कोरी भक्ति भी काम आने की नहीं। वह तो अनन्य भक्ति चाहती है। इसलिए जो उसे सर्वार्पण करने के लिए तैयार नहीं, उसे शरण देने से वह साफ इनकार कर देती है।

भौतिक विज्ञान के अभ्यासी को जब वह उसके पीछे पागल हो जाता है तब कहीं उसका कुछ दर्शन मिलता है। एम. ए., बी. ए. होने की इच्छा रखने वाले दिन रात पढ़ते ही रहते हैं, इसके पीछे पैसा भी खर्च करते हैं, शरीर भी क्षीण करते हैं। इस तरह प्रयत्न करने वालों में से सभी विद्यार्थी पहली बार में

पास नहीं होते। उत्तीर्ण न होने वाले, निराश न होते हुए, बार-बार प्रयत्न करते हैं और उत्तीर्ण होने पर ही शांत होते हैं। और अंत में -?

गीतामृत का पान करने के लिए तो इन प्रयत्नों की अपेक्षा बहुत अधिक प्रयत्न की आवश्यकता होनी चाहिए, और है ही। पर इस अमृत-पान की गरज कितनों को है? अगर गरज है तो तन-तोड़ प्रयत्न करने के लिए कितने तैयार होते हैं? हम यह जानते हैं कि मेरी बताई हुई दृष्टि से 'गीता' की भक्ति करने वालों की संख्या नहीं के बराबर है। तो भी यह सभी स्वीकार करते हैं कि 'गीता' समस्त उपनिषदों का दोहन है। कोई हिंदू बगैर उसके ज्ञान के नहीं होना चाहिए। पर आज तो धर्म-मात्र की कीमत घट गई है। इसके कारणों में उतरने का यह प्रसंग नहीं। इस निवेदन में मैंने तो, 'गीतापदार्थ' प्रकाशित हो रहा है, इस निमित्त से जिज्ञासुओं का ध्यान 'गीता' - रूपी रत्न की और खींचने का और यह बतलाने का प्रयत्न किया है कि उसका सदुपयोग किस तरह से हो सकता है। यह प्रयत्न सफल हो!

सेगांव, वर्धा

24 सितम्बर, 1936 **मोहनदास करमचंद गांधी**

[गुजराती से]

1. यह आलेख 'गीतापदार्थकोष' (गुजराती) में 'वांचनारने विनंती' शीर्षक से ओर 'हरिजनबन्धु', 25.10.1936 में 'गीतारूपी कामधेनु' शीर्षक से छपा था। पदार्थकोष में शब्दों का पदानुक्रम (concordance) और अर्थ भी हैं। यह हिन्दी अनुवाद [स. गां. वा.: खंड, 63, पृ. 336-37] से लिया गया है।
2. गांधीजी ने यह पदार्थकोष यरवडा जेल में 1922-24 के दौरान तैयार किया था।
3. 'अनासक्तियोग'।

'दो शब्द'

गीता के शब्दों की (पदों का) अक्षरानुक्रमणिका, उनका स्थल-निर्देश और उनका अर्थकोश गांधीजी ने सन् 1922-23 में यरवदा जेल में तैयार किया। जेल की पढ़ाई और साहित्य-प्रवृत्ति के सम्बन्ध में गांधीजी ने लिखा है:

''जबसे मैंने संसार में प्रवेश किया तबसे मुझे लगा कि सामान्य ज्ञान प्राप्त करने के लिए मुझे पढ़ना चाहिए; किंतु मुझे जीवन में पहले से ही तूफान और संकट दिखाई दिये। इसलिए साहित्य में रस लेने को अधिक समय न मिला। सन् 1894 के बाद कुछ पढ़ने-पढ़ाने का समय मुझे मिला तो वह केवल दक्षिण अफ्रीका की जेलों में ही। मुझे पढ़ने का शौक पैदा हुआ, इतना ही नहीं, बल्कि अपना संस्कृत का ज्ञान पूरा करने और तमिल, हिंदी तथा उर्दू का अभ्यास करने को मेरा मन हुआ। दक्षिण अफ्रीका की जेलों में मेरी पढ़ने की अभिरुचि तीव्र हुई थी। इसलिए दक्षिण अफ्रीका के अपने आखिरी कारावास के समय मुझे समय से पहले छोड़ दिया गया तब मुझे दु:ख हुआ।''

''इसलिए हिन्दुस्तान में जब ऐसा अवसर आया तब मैंने आनंदपूर्वक उसका स्वागत किया। मैंने यरवदा में अभ्यास का एक नियमित क्रम बना लिया, जिसे पूरा करने के लिए 6 वर्ष काफी न थे।''

''जर्जरित शरीरवाला 54 वर्ष का बूढ़ा होते हुए भी मैंने 24 वर्ष के तरुण के समान उत्साहपूर्वक अभ्यास शुरू किया। मैं अपने समय के एक-एक क्षण का हिसाब रखता और चाहता था कि छूटने पर मैं उर्दू और तमिल का अच्छा अभ्यासी होकर और संस्कृत का अच्छा ज्ञान लेकर ही बाहर निकलूं। संस्कृत के मूल ग्रंथ पढ़ने की मेरी कामना पूरी हो जाती, किंतु ऐसा होने का संयोग न था। दुर्भाग्य से मैं बीमार पड़ गया। उसके परिणामस्वरूप मैं छूटा और मेरे अभ्यास के रंग में भंग हो गया।"

फिर भी गांधीजी ने अनेक भाषाओं की छोटी-बड़ी डेढ़ सौ मिलाकर किताबें तो पढ़ ही डालीं। इनमें महाभारत, गीता और उपनिषदों का अभ्यास तो था ही। वह लिखते हैं:

''जिन पुस्तकों के बिना मेरा काम चल ही नहीं सकता था वे महाभारत, रामायण और भागवत थीं। वेद को मूल में देखने की इच्छा उपनिषद् से सतेज

हुई। उसकी उत्कट कल्पनाओं से अपार आनंद हुआ और उसकी आध्यात्मिकता से मेरी आत्मा शांत हुई।"

इस पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने यह गीता-पदार्थ-कोश भी तैयार किया। इसके संबंध में उन्होंने लिखा है:

''जेल में किये गए अपने अभ्यास की इस समालोचना को पूरा करने से पहले मैं विद्यार्थी पाठक को नियमित कार्य करने की उपयोगिता के संबंध में तथा शुष्क वस्तुओं को रसपूर्ण बनाने की रीति के संबंध में दो शब्द कह दूं। मेरे अपने अभ्यास और नित्यप्रति के उपयोग के लिए मुझे गीता की एक शब्दानुक्रमणिका तैयार करनी थी। शब्द और उनके संबंध लिखने और दो-दो बार उनको क्रम से लगाने का काम बहुत रसपूर्ण नहीं है। मेरी धारणा थी कि अपने कारावास के समय मैं यह काम करूं, तो भी इस काम के लिए बहुत समय देना मुझे रुचिकर न था। मेरा समय-पत्रक भरा हुआ था। इससे रोज केवल बीस मिनट इस काम में देने का मैंने निश्चय किया। इस कार्य में इतना थोड़ा समय देने से यह बेगार-जैसा नहीं मालूम होता था। उलटे, रोज उसका समय होने की मैं राह देखता। जब उसकी दूसरी बार की अनुक्रमणिका तैयार करने का समय आया तब तो मैं उसमें तल्लीन होने लगा। जिज्ञासु स्वयं इस बात का अनुभव कर देखें। जिन शब्दों का अनुक्रम मुझे ठीक करना था, उनके पहले अक्षरों का अक्षरानुक्रम मैंन तैयार किया, किंतु प्रत्येक अक्षर के शब्दों को आंतरिक अक्षरानुक्रम में किस रीति से लगायें, यह प्रश्न मेरे लिए जटिल हो गया। मैंने कभी शब्दकोश तैयार नहीं किया था। इससे मुझे स्वतंत्र रूप से काम करने की रीति खोजनी पड़ी और जब मैंने वह खोज ली तब मेरे आनंद का पार नहीं रहा। बचपन में जो आनंद गोली और कंचे के खेल में आता उससे भी अधिाक आनंद मुझे इस अनुक्रमणिका को लगाने के खेल से मिला। यह रीति सुघड़, तेज और भूल होने ही न पाये, ऐसी थी। यह सारा काम पूरा करते मुझे अठारह महीने लगे। आज अब इस शब्दानुक्रम में देखकर मैं तत्काल जान सकता हूं कि गीताजी में आया हुआ कोई भी शब्द कहां और कितनी बार प्रयुक्त हुआ है। इसमें दूसरा भी अभिप्राय रहा है। यदि मैं कभी गीता के संबंध में अपने विचार लिखने में समर्थ हुआ तो इस शब्दानुक्रम और इन विचारों को पाठकों के समक्ष रखना भी चाहता हूं।"

ऐसी बात नहीं है कि गीता का पदानुक्रम इसके पहले किसी ने तैयार न किया हो। थोड़ी-बहुत पूर्णता वाले ऐसे गीता-पद-कोश चार-पांच तो हैं ही,

किंतु गांधीजी को अपने विनोद के लिए और जेल की सहूलियत के लिए इस प्रकार का कोश स्वतंत्र रूप से तैयार करना था। गांधीजी का मानस प्रत्येक क्षेत्र में शास्त्रीय रीति से काम करता है। गीता के अभ्यास की सुविधा के लिए उन्होंने एक बार अनेक भाषान्तरों के हरेक श्लोक के अनुवाद इकट्ठे करके टाइप कराये थे। इसे अंग्रेजी में 'कॉन्कोर्डन्स' (सादृश्य) कहते हैं। इसका उद्देश्य अक्षरानुक्रम से यह बताना होता है कि अमुक ग्रंथ में अथवा अमुक लेखक की तमाम रचनाओं में अमुक शब्द कहां-कहां और कितनी बार आया है। गांधीजी ने इसमें हरेक पद का अर्थ भी देकर इसकी उपयोगिता बढ़ा दी है। इसलिए पद केवल पद-कोश न रहकर अर्थ-कोश भी हो गया है और इसलिए इसको 'गीता-पदार्थ-कोश' नाम दिया गया है। इस पदार्थ-कोश में उन्होंने पहले संस्कृत कोशों में दिये हुए अर्थ ही लिखे थे। बाद में जब उन्होंने गीता के अपने अर्थ को स्पष्ट करने के लिए अनासक्तियोग लिखा तब उसमें दिये हुए अर्थ भी इस पदार्थ-कोश में जोड़ दिये गए। ऑर्डिनेन्स राज की धांधली के दिनों में यह संबंधित कोश खो गया। इसलिए अभी-अभी दो-तीन मित्रों ने गांधीजी के मूल हस्तलिखित पद से फिर मेहनत करके यह तैयार किया है और आज यह पाठकों के हाथ में दिया जा रहा है।

यह कोश जैसा बना है, उससे गांधीजी को पूर्ण संतोष नहीं है। उनकी इच्छा थी कि अर्थ देना ही है तो प्रत्येक महत्त्व के शब्द का अलग-अलग भाष्यकारों ने और गीता के नये-पुराने अभ्यासियों ने अलग-अलग जो अर्थ किया है, वह सब व्यवस्थित रीति से दें। इससे भाष्यार्थ का तुलनात्मक अभ्यास सुलभ हो जाता।

यह तो अर्थ-भेद की दृष्टि हुई। दूसरी रीति से भी अर्थकोश को शास्त्र-शुद्ध करने के लिए शब्दों का धात्वर्थ देकर उसके बाद गीता-युगतक इन शब्दों के अर्थ में कैसे अंतर पड़ता गया और गीता ने इन शब्दों का खास क्या अर्थ किया है, यह बताना चाहिए। उसके बाद तत्त्वज्ञान के विकास का अनुसरण करके भाष्यकारों को यह अर्थ कयों बदलना पड़ा, यह भी थोड़े में बताना चाहिए। इस रीति से अर्थ-विकास की सीढ़ियों अथवा प्रवाह को बताकर गीता के लिए पर्याप्त 'सेमेन्टिकस्' (शब्दार्थ-शास्त्र) बनाना चाहिए। जैसा मनुष्यों का विकास होता है, वैसे मनुष्य-जाति में प्रयुक्त महान् शब्दों के अर्थ में भी विकास होता जाता है। शब्द भी वस्तुतः सगुण पुरुष ही हैं।

इस अर्थ-विकास के संबंध में अनासक्तियोग की प्रस्तावना में गांधीजी ने

लिखा है: ''मनुष्य की भांति महावाक्यों के अर्थ का विकास भी होता ही रहता है। भाषाओं के इतिहास की जांच कीजिए तो मालूम होगा कि अनेक महान् शब्दों के अर्थ नित्य नये होते रहे हैं... गीताकार ने महा-शब्दों का व्यापक अर्थ करके अपनी भाषा का भी व्यापक अर्थ करना हमें सिखाया है।"

आगे चलकर वह लिखते हैं: गीता एक महान् धर्मकाव्य है। उसमें जितने गहरे उतरेंगे, उतने ही नये और सुंदर अर्थ उसमें से मिलेंगे... गीता में आये हुए महाशब्दों का अर्थ युग-युग में बदलता और विस्तृत होता रहेगा। गीता का मूल मंत्र कभी नहीं बदल सकता। वह मंत्र जिस रीति से साधा जा सके, उस रीति से जिज्ञासु चाहे जो अर्थ कर सकता है।"

गांधीजी की इच्छा के अनुसार ऐसा व्यापक और शास्त्रशुद्ध संपूर्ण गीता-पदार्थ-कोश जब तैयार होगा, तब होगा। इस समय तो हम उनकी बारह वर्ष की प्रवृत्ति का फल गीताभ्यासियों के आगे रखते हैं।

सरस्वती-पूजन **-दत्तात्रेय बालकृष्ण कालेलकर**

24.9.1936

[हिन्दी अनुवाद स्रोत: गीता-पदार्थ-कोश:, 'गीता माता', सस्ता साहित्य मंडल प्रकाशन, नई दिल्ली, पृ. 269-72]

संशोधित परिवर्धित दूसरा संस्करण

जब 'गीतापदार्थकोष' की पहली आवृत्ति छपी थी तभी मैंने गांधीजी को कहा था कि कोष में गीता में उपस्थित सामासिक शब्दों के आंशिक शब्दों के यथावत स्थान नहीं दिये गये। उदाहरणार्थ, 'कृषिगौरक्ष्यवाण्ज्यिम्' एक पद के रूप में तो कोष में है किन्तु 'गौरक्ष्य' एवं 'वाणिज्यम्' शब्दों को कोष में पाना कठिन होगा। गीता में उपस्थित सभी शब्दों को जो किसी पद के आरम्भ या अंत में आते हों, कोष में यथोचित होना आवश्यक है। उन्होंने मेरी बात को माना तो सही, किन्तु कहा कि यह काम वे नहीं कर सकेंगे और मैं अवश्य इसे कर सकता हूं।

मुझे इस कार्य के लिए उपयुक्त समय 1942 में जेल में ही मिल पाया।

हम वेल्लोर जेल में थे और वहां मेरा परिचय गांडिया के श्री चतुर्भुजभाई जसानी से हुआ। मैंने उनके साथ गांधीजी के 'गीतापदार्थकोष' के बारे में बात की और यह भी बताया कि मेरे विचार में कोष को कैसे संशोधित करना चाहिये। वे उत्साहपूर्वक मुझे आवश्यक सहायता देने में तैयार हो गये और मेरे साथ काम को आरम्भ कर दिया। और जहां तक मुझे याद है यह पूरा कोष चार महीने के अथक प्रयास के बाद तैयार हो गया।

जेल से छूटने के बाद, मैंने इस संशोधित कोष की हस्तलिखित कापी उन्हें दिखाई। वे सहमत थे। किन्तु उस समय देश ऐसी हिंसा की स्थिति से गुज़र रहा था कि कोष की ओर उचित ध्यान न दिया जा सका। मै भी कई कामों में व्यस्त था और यह अप्रकाशित ही रहा।

जैसे कि श्री जेठालाल जैसे साथियों ने पहली आवृत्ति के प्रकाशन में सहायता की थी, वैसे ही इस नई आवृत्ति को प्रकाशन योग्य बनाने में मेरे युवा साथी श्री नरेश मैत्री ने काम किया। हालांकि नवजीवन प्रकाशन मंदिर ने यह काम अनिच्छापूर्वक पकड़ा फिर भी उन्होंने इसे अच्छी प्रकार पूरा किया है जो कि एक संतोष का विषय है।

इस कोष का विशेष महत्त्व है क्योंकि इसे गांधीजी ने तैयार किया और यह गुजराती में है। इसलिये भी इस दूसरी आवृत्ति का प्रकाशन आवश्यक समझा गया। नहीं तो ऐसा ही काम श्री प्रहलाद दीवानजी ने अधिक ध्यानपूर्वक

किया है। किन्तु वह अंग्रेजी में है। श्री गोखले ने ऐसा ही काम मराठी में अधिक ध्यानपूर्वक और क्षमतापूर्वक किया है। यह दोनों पुस्तकें गीता के अध्ययन के लिए बहुत लाभदायक हैं।

यह 'गीतापदार्थकोष' हर गुजराती के लिए कई प्रकार से गांधीजी के 'अनासक्तियोग' के और गीता के अध्ययन के लिए बहुरूपेण लाभदायक होगा। मेरा विश्वास है कि जैसे विद्यार्थी गीता को अधिकतर गहराई से पड़ेंगे वे इस 'गीतापदार्थकोष' को और अधिक साथ में रखेंगे और बिना किसी झिझक के इससे ज़्यादा से ज़्यादा लाभ उठाएंगे।

ऐसा करने से हमें अवश्य ही गीता माता एवं गांधीजी के आशीर्वाद प्राप्त होंगे।

अहमदाबाद, गुडीपर्व — **काका कालेलकर**
28.3.'60
[गुजराती से अनुवादित]

1 'सुधारीवे वधारेली बीजी आवृत्ति', गतिापदार्थकोष (गुजराती, 1960 संस्करण, नवजीवन)

अनुवादक की ओर से

महात्मा गांधी को 18 मार्च, 1922, को सरकार के विरुद्ध लेख लिखने के जुर्म में छः साल की सजा दी गई थी। वे 5 फरवरी, 1924, तक यरवडा जेल, पुणे, में रहे और तब सख्त बीमारी के कारण छोड़ दिए गए। जेल में उन्होंने अपने लिए अध्ययन करने के लिए एक कठोर पाठयक्रम रखा था क्योंकि वे ऐसी अवधि में ही इसके लिए समय निकाल सकते थे।

वहां 1923 में भगवद्गीता के कई टीकाओं के आधार पर उन्होंने एक 'गीताकोष' अर्थात् गीता में आए सभी संस्कृत शब्दों का कोष तैयार किया। बाद में उन्होंने इस में संस्कृत शब्दों के गुजराती अर्थ भी देकर इसका नाम 'गीतापदार्थकोष' रखा। इसे नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, ने 1936 में प्रकाशित किया। इसमें गीता के पूरे संस्कृत मूलपाठ में आए 3839 शब्दों को एक छोटे आकार की 257 पृष्ठों की पुस्तक में छापा गया। इसमें गांधीजी द्वारा लिखित एक आलेख ['वांचनारने विनती' – 'पाठकों को प्रार्थना'] और काका कालेलकर द्वारा लिखित आलेख ['बे शब्दो' – 'दो शब्द'] भी थे।

इसकी एक संशोधित परिवर्धित दूसरी आवृत्ति नवजीवन प्रकाशन मंदिर, अहमदाबाद, द्वारा 1960 में प्रकाशित की गई जिसमें काका कालेलकर द्वारा लिखित एक दूसरा आलेख ['सुधारीले वधारेली बीजी आवृत्ति' – 'संशोधित परिवर्धित दूसरी आवृत्ति'] थी जिसमें संशोधन की आवश्यकता के कारण बताये गये हैं। इस आवृत्ति में, पहली आवृत्ति के कुछ संपादकीय संशोधन करने के सिवा सामासिक शब्दों के आंशिक शब्दों को भी उनके अध्याय एवं श्लोक संख्या सहित (इनकी संख्या 1678 है) उचित स्थान पर दिया गया है। इसीलिये, यहां 'गीतापदार्थकोष' की संपूर्ण दूसरी आवृत्ति ही हिन्दी अनुवाद में दी जा रही है। गांधीजी के आलेख (पहली आवृत्ति) को संपूर्ण गांधी वाड्.मय' (हिंदी) खंड 63, पृ. 336–7 से लिया गया है और काका कालेलकर के दो आलेखों का हिंदी में अनुवाद 'गीतापदार्थकोष' के गुजराती से हिंदी के अनुवाद के साथ मैंने किया है।

'गीतापदार्थकोष' में सम्मिलित सब शब्दों का गुजराती से हिंदी में अनुवाद करते हुए यह पूरा ध्यान रखा गया है कि गांधीजी के मूल अर्थ और भाव में

कोई तबदीली न हो। इसके साथ-साथ महादेव देसाई द्वारा गांधीजी द्वारा लिखित 'अनासक्तियोग' के अंग्रेज़ी अनुवाद की भी सहायता ली गई है क्योंकि महादेव देसाई के इस अनुवाद का भी गांधीजी ने अनुमोदन किया था।

'गीतापदार्थकोष' (गुजराती) की दूसरी आवृत्ति में कुछ छोटी-छोटी गलतियां देखी गई थीं, इन्हें इस हिंदी अनुवाद में ठीक कर दिया गया है। ये निम्नलिखित हैं:

1. अध्याय और श्लोक संख्या में गलतियां:

	जैसा है	जैसा होना चाहिए	आवृत्ति संख्या जिसमें गलती है
अप्रियम्	5:2	5:20	2nd
अर्थे	1:33, 34...2:27	1:33, 2:27	1st 2nd
उच्यते	3:4	3:40	2nd
कर्मजम्	2:11	2:51	1st 2nd
कुसुमाकरः	10:36	10:35	2nd
गुरुणा	6:12	6:22	2nd
जाह्नवी	10:31	11:31	2nd
त्वा	2:2, 21:22, 32	2:2	1st 2nd
धार्मे	2:40	1:40	2nd
नासाभ्यन्तरचारिणौ	3:27	5:27	2nd
प्रविलीयते	4:33	4:23	2nd
लोकः	12:5	12:15	1st 2nd
वेपथुः	9:29	1:29	2nd
शरणम्	18:52	18:62	1st 2nd

2. संस्कृत शब्दों के हिज्जों में गलतियां:

उद्विजेत	उद्विजेत्	2nd
उपदेश्यन्ति	उपदेक्ष्यन्ति	2nd
उशनाः	उशना	2nd
जुहवति	जुह्वति	2nd
प्रजहीहि	प्रजहि	1st 2nd
प्रहृषयत्	प्रहृष्येत्	2nd
युधिाष्ठिर	युधिाष्ठिरः	2nd
कृषिगोरक्ष्यवाणिज्यम्	कृषिगौरक्ष्यवाणिज्यम्	2nd

गीतापदार्थकोष के हिन्दी अनुवाद में सब अंक अंतरराष्ट्रीय अंक हैं जबकि

गुजराती आवृत्तियों में यह स्थानीय देवनागरी अंक थे। और सामान्य देवनागरी स्वर - इ, ई, उ, ऊ, ए, और ऐ - प्रयोग किये गये हैं, जबकि गुजराती आवृत्तियों में गुजारती शब्दों में यह ि, ी, ु, ू, े और ै प्रकार से प्रयोग किये गये थे।

अध्याय व श्लोक संख्या को इस प्रकार से दर्शाया गया है - 5:12 का अर्थ हे पांचवे अध्याय का बारहवां श्लोक।

'गीतापदार्थकोष' (गुजराती, 1936) की एक प्रति अनुवाद केलिए उपलब्ध कराने केलिए मैं श्री अमृत मोदीजी, सचिव, साबरमति गांधी संग्रहालय, अहमदाबाद, का अत्यंत आभारी हूं। 'गीतापदार्थकोष' का हिंदी अनुवाद कम्प्यूटर पर टाईप करने केलिए मैं राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय, राजघाट, नई दिल्ली में कार्यरत कु. नीलम एवं कु. मोक्षदा का अति अभारी हूं। मैं राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय, नई दिल्ली, में निदेशक के पद पर रहते हुए इस अनुवाद में वहां की लाब्रेरी की सहायता केलिए भी अभारी हूं। नवजीवन प्रकाशन, अहमदाबाद, के कार्यकारी निदेशक, श्री जीतेंद्र देसाईजी के इस कार्य में प्रोत्साहन केलिए मैं अभारी हूं। इस हिंदी अनुवाद के प्रकाशन के लिए मैं सांस्कृतिक गौरव संस्थान और विशेष रूप से डॉ. महेशचन्द्रजी, महामंत्री, का अति अभारी हूं।

इस हिंदी अनुवाद में जो भी त्रुटियां रह गई हों उनके लिये मैं क्षमा प्रार्थी हूं। आशा है कि पाठकगण पूज्यगांधीजी के चरणों में समर्पित मेरे इस प्रयास को स्वीकार करेंगे।

डॉ. वाई. पी. आनंद

नई दिल्ली
मार्च 12, 2010

गीतापदार्थकोष

[श्रीमद् भगवद्गीता में आए सब शब्दों के अर्थ एवं स्थल निर्देश]

द्वारा

महात्मा गांधी

अ

अकर्तारम् 4:13, 13:29 अकर्ता, अकर्ता रूप में
अकर्म 4:16,18 कर्मशून्यता, अकर्म
अकर्मकृत् 3:5 कर्म किये बिना
अकर्मणः 3:8 कर्म न करने से
3:8 कर्म न करने वाले की, कर्म बिना
4:17 कर्म शून्यता का, अकर्म का
अकर्मणि 2:47 कर्मशून्यता में, कर्म न करने के विषय में
4:18 अकर्म में
अकल्मषम् 6:27 पापरहित हुए को
अकारः 10:33 अकार, 'अ' - यह अक्षर
अकार्यम् 18:31 न करने योग्य
कार्य-**अकार्य**-व्यवस्थितौ 16:24
कार्य-**अकार्ये** 18:30
अकीर्तिकरम् 2:2 जिससे लांछन लगे, अपयश देने वाला
अकीर्तिम् 2:34 अपकीर्ति, निन्दा
अकीर्तिः 2:34 अयश, अपकीर्ति
अकुर्वत 1:1 किया
अकुशलम् 18:10 दुःखकर, असुविधाजनक
अकृतबुद्धित्वात् 18:16 असंस्कृत बुद्धि के कारण
अकृतात्मानः 15:11 संस्कार रहित लोग, जिन्होंने आत्मशुद्धि नहीं की है ऐसे लोग
अकृतेन 3:18 न करने से
अकृत्स्नविदः 3:29 अज्ञानी लोगों को, अर्धपकों को
अक्रियः 6:1 क्रियाओं को न करने वाला
अक्रोधः 16:2 क्रोध रहित होना
अक्लेद्यः 2:24 जो भिगोया न जा सके
कमलपत्र-**अक्ष** 11:2
अक्षय(-य्य)म् 5:21 अविनाशी, अक्षय्य
अक्षयः 10:33 नाश रहित, अविनाशी
अक्षरसमुद्भवम् 3:15 परमात्मा से उत्पन्न हुआ,

शाश्वत ब्रह्म (अक्षर)
अक्षरम् 8:3,11, 11:18,37, 12:1,3 अक्षर, अविनाशी
10:25 ऊंकार, ऊं - यह अक्षर
एक-**अक्षरम्** 8:13
अक्षरः 8:21 अविनाशी 15:16,16 अक्षर (पुरुष)
अक्षराणाम् 10:33 अक्षरों में, वर्णों में
अक्षरात् 15:18 अक्षर से
सर्वतः-**अक्षि**-शिरोमुखम् 13:13
अखिलम् 4:33 पूरा, निःशेष
7:29 अखिल 15:12 संपूर्ण, संपूर्ण को
अगतासून् 2:11 जिनके प्राण नहीं गये हैं उन्हें, जीवितों को
ज्ञान-**अग्नि**दग्धकर्माणम् 4:19
अग्निः 4:37, 8:24, 9:16, 11:39, 18:48 अग्नि
ज्ञान-**अग्निः** 4:37
निर्-**अग्निः** 6:1
इंद्रिय-**अग्निषु** 4:26
संयम-**अग्निषु** 4:26
अग्नौ 15:12 अग्नि में
ब्रह्म-**अग्नौ** 4:24,25
आत्मसंयमयोग-**अग्नौ** 4:27
एक-**अग्रम्** 6:12
नासिका-**अग्रम्** 6:13
अग्रे 18:37,38,39 आरम्भ में
एक-**अग्रेण** 18:72
अघम् 3:13 पाप को
अन्-**अघ** 3:3; 14:6; 15:20
अघायुः 3:16 पापी जीवन वाला
अङ्गानि 2:58 अंगों (को), गात्रों (को)
उत्तम-**अङ्गैः** 11:27
अचरम् 13:15 स्थावर, स्थिर
सचर-**अचरम्** 9:10; 11:7

चर-**अचरम्** 10:39
चर-**अचरस्य** 11:43
अचलप्रतिष्ठम् 2:70 अचल स्थिति वाले को, जिसकी मर्यादा निश्चल है उसे, अचल प्रतिष्ठा वाले को
अचलम् 6:13, 12:3 अचल
अचलः 2:24 अचल
अचला 2:53 स्थिर (बुद्धि)
अचलाम् 7:21 दृढ़
अचलेन 8:10 अचल (द्वारा)
अचापलम् 16:2 अचांचल्य, अचंचलता, दृढ़ता
अचिन्त्यम् 12:3 अचिन्त्य
अचिन्त्यरूपम् 8:9 विचार में न आ सके ऐसे रूप वाला, अचिन्त्य
अचिन्त्यः 2:25 जिसका चिन्तन न किया जा सके ऐसे को, मन के लिये अगम्य को
अचिरेण 4:39 तुरंत, अविलम्ब
अचेतसः 3:32, 15:11, 17:6 अविवेकी, ज्ञानहीन, मूढ़
अच्छेद्यः 2:24 जो छेदा न जा सके ऐसा
अच्युत 1:21, 11:42, 18:73 हे अच्युत, कृष्ण
अजम् 2:21, 7:25, 10:3,12 अजन्मे का, जन्मरहित को
जय-**अजयौ** 2:36
अजः 2:20, 4:6 अजन्मा, जन्मरहित
अजस्रम् 16:19 निरंतर, बारंबार
अजानता 11:41 अनजाने, भूल में
अजानन्तः 7:24, 9:11, 13:25 न जानने वाले
चैल-**अजिन**कुशोत्तरम् 6:11
अज्ञः 4:40 अज्ञानी
अज्ञानजम् 10:11 अज्ञान से उत्पन्न हुआ, अज्ञान रूप
14:8 अज्ञानमूलक
अज्ञानम् 5:16, 13:11, 14:16,17, 16:4 अज्ञान
अज्ञानविमोहिताः 16:15 अज्ञान से अति मूढ़ हुए
अज्ञानसंभूतम् 4:42 अज्ञान से उत्पन्न हुआ

अज्ञानसंमोहः 18:72 अज्ञान-जनित मोह
अज्ञानाम् 3:26 अज्ञानियों की
अज्ञानेन 5:15 अज्ञान-अविद्या-से
कृत-**अंजलिः** 11:14
अणीयांसम् 8:9 बहुत छोटे को, अत्यन्त सूक्ष्म को
अणोः 8:9 अणु से
अतत्त्वार्थवत् 18:22 तत्त्वरहित, रहस्यहीन, मूल स्वरूप से विपरीत
अतन्द्रितः 3:23 आलस्यरहित (होकर)
अतपस्काय 18:67 तपश्चर्यारहित को, असंयमी को, जो तपस्वी नहीं है उसे
अतः 9:24, 15:18 इसलिये, इस कारण से
13:11 इससे, इनसे
अतःपरम् 2:12 इससे आगे
12:8 इस लोक में, इस जन्म के बाद
अतितरन्ति 13:25 तर जाते हैं
वि-**अतितरिष्यति** 2:52
अतिनीचम् 6:11 बहुत नीचा
अतिमानः (देखें पाठांतर **'अभिमानः')**
अतिमानिता 16:3 अति अभिमान
अतिरिच्यते 2:34 अधिक है, बढ़ जाती है
अतिवर्तते 6:44, 14:21 लांघ जाता है, तर जाता है
अतिस्वप्नशीलस्य 6:16 अधिक सोने वाले को
अतीतः 14:21, 15:18 लांघ गया हुआ, ...को तर जाने वाला, ... से परे
गुण-**अतीतः** 14:25
द्वंद्व-**अतीतः** 4:22
वि-**अतीतानि** 4:5
सम्-**अतीतानि** 7:26
अतीत्य 14:20 लांघ कर, पार करके
सम्-**अतीत्य** 14:26
अतीन्द्रियम् 6:21 इन्द्रियों से अतीत-पार, जिसका अनुभव न हो सके ऐसा
अतीव 12:20 बहुत
अत्यद्भुतम् 18:77 अतिआश्चर्यजनक, अद्भुत

अत्यन्तम् 6:28 अनंत
दुर्-**अत्यया** 7:14
अत्यर्थम् 7:17 बहुत
अत्यश्नतः 6:16 बहुत खाने वाले को, ठूंस-ठूंस कर खाने वाले को
अत्यागिनाम् 18:12 अत्यागियों का, त्याग न करने वालों का
अत्युच्छ्रितम् 6:11 बहुत ऊंचा
कट्वम्ललवण-**अत्युष्ण**तीक्ष्णरूक्षविदाहिनः 17:9
अत्येति 8:28 ...के उस पार जाता है, लांघ जाता है
अत्र 1:4,23, 4:16, 8:2,4,5, 18:14, यहां
4:16, 8:5, 10:7 इस विषय में
अथ 1:20, 2:33, 3:36 अब
1:26, 11:5, 18:58 और
2:26, 12:9,11 यदि
3:36, 11:40 फिर
अथवा 6:42, 10:42, 11:42 अथवा
अथो 4:35 इसलिये, और फिर
अदक्षिणम् 17:13 बिना दक्षिणा को, त्याग बिना के (यज्ञ) को
अदम्भित्वम् 13:7 अदंभित्व (दंभित्व = धर्म को प्रकट न करना; स्वधर्म का प्रदर्शन करना)
अदाह्यः 2:24 जो जल न सके
अदृष्टपूर्वम् 11:45 पहले न देखा हुआ
अदृष्टपूर्वाणि 11:6 पहले देखने में न आये हुये
अदेशकाले 17:22 अयोग्य देश और काल में
अनेक-**अद्भुतदर्शनम्** 11:10
अद्भुतम् 11:20, 18:74,76 अद्भुत, आश्चर्यजनक, अलौकिक
अति-**अद्भुतम्** 18:77
अद्य 4:3, 11:7, 16:13 आज
अद्रोहः 16:3 किसी का बुरा न करना
अद्वेष्टा 12:13 द्वेष न करने वाला, निर्वैर
नर-**अधमान्** 16:19
अधमाम् 16:20 अधम, नीच

नर-**अधमाः** 7:15
अधर्मम् 18:31,32 अधर्म को
अधर्मः 1:40 अधर्म
अधर्मस्य 4:7 अधर्म का
अधर्माभिभवात् 1:41 अधर्म की वृद्धि हाने से, अधर्म के आक्रमण से
अधः 14:18 नीचे, अधोगति (पाते हैं)
15:2,2 नीचे
अधःशाखम् 15:1 नीचे की ओर शाखावाला, जिसकी शाखायें नीचे हों ऐसा
अधिकतरः 12:5 (प्रमाण में) बहुत अधिक
अधिकम् 6:22 अधिक
अधिकः 6:46,46,46 अधिक, बढ़ा
अधिकारः 2:47 अधिकार
अधिगच्छति 2:64,71, 4:39, 5:6,24, 6:15
14:19, 18:49 प्राप्त होता है, पाता है
अधिदैवतम् 8:4 अधिदैव, जीवस्वरूप
अधिदैवम् 8:1 अधिदैव, जीवस्वरूप
साधिभूत-**अधिदैवम्** 7:30
नर-**अधिपम्** 10:27
जन-**अधिपाः** 2:12
स-**अधिभूत**-अधिदैवम् 7:30
अधिभूतम् 8:1,4 नामरूप मात्र, नाशवान सृष्टि स्वरूप
स-**अधियज्ञम्** 7:30
अधियज्ञः 8:2,4 सर्वयज्ञ का अभिमानी विष्णु, देह में रहते हुए भी यज्ञ द्वारा शुद्ध हुआ जीवस्वरूप
अधिष्ठानम् 3:40 निवास स्थान, आश्रय, किला
18:14 क्षेत्र, शरीर
अधिष्ठाय 4:6 लेकर
15:9 का आश्रय लेकर
अध्यक्षेण 9:10 नियंत्रण में, अधिकार के नीचे
वेदयज्ञ-**अध्ययनैः** 11:48
अध्यात्मचेतसा 3:30 विवेक-आत्मबुद्धि से, अध्यात्म वृत्ति रखते हुए

अध्यात्मज्ञाननित्यत्वम् 13:11 अध्यात्मज्ञान का नित्यत्व, आध्यात्मिक ज्ञान की नित्यता का भान
अध्यात्मनित्याः 15:5 परमात्मस्वरूप के विचार में निमग्न, आत्मा में नित्य निमग्न
अध्यात्मम् 7:29 अध्यात्म को, शरीर में स्थित अन्तरात्मा को
8:1,3 अध्यात्म, प्राणीमात्र के संदर्भ में स्वसत्ता से रहने वाला
अध्यात्मविद्या 10:32 आत्मज्ञान, अध्यात्मविद्या
अध्यात्मसंज्ञितम् 11:1 आध्यात्मिक, 'अध्यात्म' नाम का
अध्येष्यते 18:70 अभ्यास करेगा
अध्रुवम् 17:18 अनिश्चित
अनघ 3:3, 14:6, 15:20 हे पापरहित!
अनन्त 11:37 हे अनन्त! अंतरहित
अनन्तबाहुम् 11:19 अनन्त हाथों वाले को
अनन्तम् 11:11,47 अन्तरहित को
अनन्तरम् 12:12 बाद में, तुरन्त
तद्-**अनन्तरम्** 18:55
अनन्तरूप 11:38 हे अनन्तरूप (कृष्ण)
अनन्तरूपम् 11:16 अनन्तरूपवाले को
अनन्तविजयम् 1:16 अनन्तविजय नाम के (युधिष्ठर के) शंख को
अनन्तवीर्यम् 11:19 अपार वीर्य (बल) वाले को
अनन्तवीर्यामितविक्रमः 11:40 अनन्त सामर्थ्य और अमाप बल वाला
अनन्तः 10:29 शेषनाग
अनन्ताः 2:41 अनन्त, जिसका पार नहीं
अनन्यचेताः 8:14 जिसका चित्त और कहीं न हो वह, एकाग्र मन वाला
अनन्यभाक् 9:30 अनन्य निष्ठा वाला-एकनिष्ठ-(होकर)
अननयमनसः 9:13 अनन्यचित्त वाले, एकनिष्ठा से
अनन्यया 8:22, 11:54 अनन्य-एकाग्र (भक्ति) से
अनन्येन (योगेन) 12:6 एकनिष्ठा से
अनन्ययोगेन 13:10 अनन्यध्यानपूर्वक, अनन्ययोग से
अनन्याः 9:22 दूसरे को न पूजने वाले, अनन्यभाव से
अनपेक्षः 12:16 इच्छारहित, निःस्पृह

अनपेक्ष्य 18:25 विचार किये बिना
अनभिष्वङ्गः 13:9 ममता का अभाव, निर्ममत्व
अनभिसंधाय 17:25 (फल की) आशा रखे बिना, इच्छा न करते हुए
अनभिस्नेहः 2:57 रागरहित, स्नेहरहित
अनयोः 2:16 इन (दोनों - सत् और असत्) का
काल-**अनल**-संनिभानि 11:25
दीप्त-**अनल**-अर्कद्युतिम् 11:17
अनलः 7:4 अग्नि, तेज (तन्मात्रा)
अनलेन 3:39 अग्नि से
अनवलोकयन् 6:13 न देखता हुआ
अनवाप्तम् 3:22 जो न मिली हो, न प्राप्त
अनश्नतः 6:16 उपवासी को, न खानेवाले को
अनसूयन्तः 3:31 द्वेष को त्यागने वाले, निन्दा न करने वाले
अनसूयवे 9:1 द्वेषरहित को, निन्दा न करने वाले को, दोषदर्शन न करने वाले को
अनसूयः 18:71 द्वेषरहित, ईर्ष्यारहित
अनहंकारः 13:8 अंहकाररहित होना, अहंकार का अभाव, नम्रता
अनहंवादी 18:26 अहंतारहित
अनात्मनः 6:6 जिसने आत्मा को नहीं जीता है उसकी, अजितेंद्रिय का
अनादित्वात् 13:31 अनादि होने से, अनादिता के कारण
अनादिमत् 13:12 अनादि, बिना आदि का
अनादिमध्यान्तम् 11:19 जिसका आदि, मध्य या अन्त न हो उसे, उत्पत्ति-स्थिति और नाश से रहित को
अनादिम् 10:3 अनादि, सनातन, अनादिरूप
अनादी 13:19 अनादि (द्वि. व.)
अनामयम् 2:51 बीमारी-रोग-रहित, निष्कलंक, निर्दोष को
14:6 आरोग्यकर, विकार रहित
अनारम्भात् 3:4 आरम्भ न करने से
अनार्यजुष्टम् 2:2 आर्य पुरुष जिसका सेवन न करें ऐसा, श्रेष्ठपुरुष के अयोग्य, जो क्षुद्र पुरुष को शोभा दे
अनावृत्तिम् 8:23,26 जहां से वापस लौट कर न आना पड़े, मोक्ष

अनाशिनः 2:18 अविनाशी का, नाशरहित का
अनाश्रितः 6:1 आश्रय लिये बिना, बिना इच्छा के
अनिकेतः 12:19 बिना घर का, जो घर में नहीं रहता
अनिच्छन् 3:36 न चाहता हुआ
अनित्यम् 9:33 अनित्य, क्षणिक
अनित्याः 2:14 क्षणिक, अनित्य
अनिर्देश्यम् 12:3 अवर्णनीय, शब्दों द्वारा जिसका वर्णन न हो सके
अनिर्विण्णचेतसा 6:23 बिना ऊबे
इष्ट-**अनिष्ट**-उपपत्तिषु 13:9
अनिष्टम् 18:12 अशुभ, दुःखकर
पांडव-**अनीकम्** 1:2
प्रति-**अनीकेषु** 11:32
अनीश्वरम् 16:8 बिना ईश्वर के
अनुकम्पार्थम् 10:11 दया करके, दया करने के लिये
मद्-**अनुग्रहाय** 11:1
अनुचिन्तयन् 8:8 चिन्तन करता हुआ, एकाग्र होते हुए
अनुतिष्ठन्ति 3:31, 32 अनुसरण करते है, अंगीकार करते हैं
अनुत्तमम् 7:24 अनुपम्, सर्वोत्तम
अनुत्तमाम् 7:18 जिसकी अपेक्षा दूसरी अधिक उत्तम न हो ऐसी सर्वोत्तम (गति)
दुःखदोष-**अनुदर्शनम्** 13:8
अनुद्विग्नमनाः 2:56 उद्वेगरहित मनवाला
अनुद्वेगकरम् 17:15 जो दुःख न दे ऐसा
वि-**अनुनादयन्** 1:19
अनुपकारिणे 17:20 जो उपकार न करे उसे-न मानने वाले को (बदले में मिलने की आशा बिना)
अनुपश्यति 13:30, 14:19 (वह) देखता है
अनुपश्यन्ति 15:10 (वे) देखते हैं
अनुपश्यामि 1:21 (मैं) देखता हूं
अनुप्रपन्नाः 9:21 आश्रय लेने वाले - करने वाले
अनुबन्धम् 18:25 कर्मों के परिणाम को, भविष्य में होनेवाले शुभ या अशुभ

को
कर्म-**अनुबन्धीनि** 15:2
अनुबन्धे 18:39 परिणाम में, आखिर में, अंत में
महा-**अनुभावान्** 2:5
अनुमन्ता 13:22 अनुमति देने वाला
अनुरज्यते 11:36 अनुराग-प्रीति करता है
सत्त्व-**अनुरूपा** 17:3
दिव्यगंध-**अनुलेपनम्** 11:11
अनुवर्तते 3:21 अनुसरण करता है
अनुवर्तन्ते 3:23, 4:11 (वे) अनुसरण करते हैं,-के नीचे (अधीन) रहते हैं
अनुवर्तयति 3:16 अनुसरण करता है, चलाता है
अनुविधीयते 2:67 पीछे दौड़ा जाता है, पिरोया जाता है
अनुशासितारम् 8:9 नियन्ता-शास्ता-ईश्वर को
अनुशुश्रुम 1:44 सुनते आये है
अनुशोचन्ति 2:11 शोक करते हैं
अनुशोचितम् 2:25 शोक करने को
अनुषज्जते 6:4 आसक्त होता है,
18:10 लीन होता है, प्रीति करता है
सु-**अनुष्ठितात्** 3:35, 18:47
अनुसंततानि 15:2 फैले हुए, छाये हुए, पसरे हुए (हैं)
अनुस्मर 8:7 स्मरण कर, स्मरण रख
अनुस्मरन् 8:13 चिन्तन करता हुआ, स्मरण करता हुआ
अनुस्मरेत् 8:9 ठीक स्मरण करता है
अनेकचित्तविभ्रान्ताः 16:16 अनेक भ्रान्तियों में फंसे हुए, अनेक प्रकार के चित्त के संकल्पों से भ्रान्त हुए
अनेकजन्मसंसिद्धः 6:45 अनेक जन्म के प्रयत्नों से शुद्ध हुआ, सिद्धि पाया हुआ
अनेकदिव्याभरणम् 11:10 अनेक दिव्य आभूषणों वाला
अनेकधा 11:13 अनेक रीति से
अनेकबाहूदरवक्त्रनेत्रम् 11:16 अनेक हाथ, उदर, मुख और नेत्र वाले को
अनेकवक्त्रनयनम् 11:10 अनेक मुख और आंखों वाले को

अनेकवर्णम् 11:24 अनेक रंगवाले को
अनेकाद्भुतदर्शनम् 11:10 अनेक अद्भुत दर्शनवाला, बहुत आश्चर्यकारक स्वरूपवाला
दिव्य-**अनेक**-उद्यतायुधम् 11:10
अनेन 3:10,11 इस (यज्ञ) द्वारा
9:10 इस (कारण) से
11:8 इन (चर्मचक्षुओं) से
अन्तकाले 2:72, 8:5 अन्तकाल में, मरने के समय
अन्तगतम् 7:28 जिसका अन्त हो गया हो
अन्तम् 11:16 अन्त को
अनादिमध्य-**अन्तम्** 11:19
दुःख-**अन्तम्** 18:36
अन्तरम् 11:20 अन्तर, मध्यभाग
13:34 भेद
अन्तरात्मना 6:47 चित्त से, मन लगाकर
प्रव्यथित-**अन्तरात्मा** 11:24
देह-**अन्तर**-प्राप्तिः 2:13
अन्तरारामः 5:24 जिसके अन्दर में शान्ति है, जिसके अन्दर में सारी क्रीड़ाऐं है
अन्तरे 5:27 बीच में
दशन-**अन्तरेषु** 11:27
अन्तर्ज्योतिः 5:24 जिसे अन्तर्ज्ञान हुआ है, अन्दर में प्रकाशवान
अन्तवत् 7:23 नाशवान, अन्तवान
अन्तवन्तः 2:18 नाशवान, अन्तवाले
आदि-**अन्तवन्तः** 5:22
अन्तः 10:19, 20, 32, 40, 15:3 अन्त
13:15 अन्दर
2:16 निर्णय, अन्त
अन्तःशरीरस्थम् 17:6 अन्तःकरण में रहने वाले को, शरीर के अन्तर में रहने वाले को
अन्तःसुखः 5:24 जिसे अन्तर का आनन्द है

अन्तःस्थानि 8:22 के भीतर स्थित, अंदर स्थित (हैं)
युगसहस्र-**अन्ताम्** 8:17
अन्तिके 13:15 नजदीक, समीप में
अन्ते 7:19 अन्त में, आखिर में
8:6 अन्त में, मरणकाल में
कृत-**अन्ते** 18:13
अन्नम् 15:14 अन्न
असृष्ट-**अन्नम्** 17:13
अन्नसंभवः 3:14 अन्न की उत्पत्ति
अन्नात् 3:14 अन्न में से
न-**अन्य**गामिना 8:8
अन्-**अन्य**चेताः 8:14
अन्यत् 2:31,42, 7:2,7, 11:7, 16:8 दूसरा कोई, दूसरा
अन्यत्र 3:9 दूसरा, दूसरे से, अतिरिक्त (कर्म) से
अन्यथा 13:11 उलटा, विपरीत
अन्यदेवताभक्ताः 9:23 अन्य देवताओं को भजने वाले
अन्यदेवताः 7:20 अन्य देवताओं को
अन्-**अन्य**मनसः 9:13
अन्यया 8:26 दूसरे से, दूसरे मार्ग से
अन्यम् 14:19 दूसरे को
अन्-**अन्यया** 8:22, 11:54
अन्यः 2:29,29, 6:39, 8:20, 11:43, 15:17,
16:15, 18:69 दूसरा
4:31 दूसरा, परलोक
त्वद्-**अन्यः** 6:39
अन्यान् 11:34 दूसरों को
अन्यानि 2:22 दूसरे
अन्याम् 7:5 दूसरी, ऊंची
अन्यायेन 16:12 अनीति द्वारा, अन्यायपूर्वक
अन्ये 1:9, 4:26, 9:15, 17:4 दूसरे
13:24,25 कुछ, कोई

अन्येन 11:47,48 दूसरे के द्वारा
त्वद्-**अन्येन** 11:47,48
अन्येभ्यः 13:25 दूसरों के पास से
अन्वशोचः 2:11 (तुम) चिन्ता किया करते हो {प्राचीन प्रयोग, यह भूतकाल का रूप है किन्तु वर्तमान काल में यहां प्रयोग हुआ है।}
अन्विच्छ 2:49 ले, खोज
गुण-**अन्वितम्** 15:10
धृत्युत्साह-सम्-**अन्वितः** 18:26
हर्षशोक-**अन्वितः** 18:27
अन्विताः 9:23, 17:1 युक्त, वाला, (श्रद्धा) पूर्वक
भाव-सम्-**अन्विताः** 10:8
दंभमानमद-**अन्विताः** 16:10
धानमानमद-**अन्विताः** 16:17
कामरागबल-**अन्विताः** 17:5
अपनुद्यात 2:8 टाले, दूर कर सके
मान-**अपमानयोः** 6:7; 12:18; 14:25
अपरम् 6:22 दूसरे किसी को
4:4 इधर का, दूसरा
अपरस्परसंभूतम् 16:8 स्त्री (अपर) पुरुष (पर) के सम्बन्ध से उत्पन्न, नर-मादा के संबंध से उत्पन्न, परस्पर सम्बन्ध-कार्यकारणभाव-रहित का
अपरा 7:5 दूसरी, निम्न प्रकार की
अपराजितः 1:17 अजेय, न हारे ऐसा
अपराणि 2:22 दूसरे
अपरान् 16:14 दूसरों को
अपरिग्रहः 6:10 जो संग्रह न करे, अपरिग्रही
अपरिमेयाम् 16:11 असीमित
अपरिहार्ये 2:27 अनिवार्य (विषय में)
अपरे 4:25,27,28,29,30 कुछ, कोई
13:24, 18:3 दूसरे
अपर्याप्तम् 1:10 अपूर्ण, अनन्त
अपलायनम् 18:43 पीछे न हटना, भाग न जाना, अडिग रहना

अपश्यत् 1:26, 11:13 देखा
अपहृतचेतसाम् 2:44 जिनकी बुद्धि मारी गई हो उनकी, अविवेकियों की
अपहृतज्ञानाः 7:15 जिनका ज्ञान खो चुका है वे
अपात्रेभ्यः 17:22 अपात्रों को
प्राण-**अपानगती** 4:29
अपानम् 4:29 अपान वायु (श्वास) को
प्राण-**अपान**समायुक्तः 15:14
अपाने 4:29 अपान वायु (श्वास) में
प्राण-**अपानौ** 5:27
आगम-**अपायिनः** 2:14
अपावृतम् 2:32 खुला हुआ, उघड़ा हुआ
अपि 1:27 इ0 भी, फिर भी, तो भी
अपुनरावृत्तिम् 5:17 फिर देह धारण न करना, मोक्ष
अन्-**अपेक्षः** 12:16
अन्-**अपेक्ष्य** 18:25
अपैशुनम् 16:2 निन्दा न करना, चुगली न खाना
अपोहनम् 15:15 अभाव, दूर होना
भव-**अप्ययौ** 11:2
अप्रकाशः 14:13 अंधकार, अज्ञान, विवकेशून्यता
अप्रतिमप्रभावः 11:43 अनुपम प्रभाव वाला, जिसके सामर्थ्य का मुकाबला नहीं
अप्रतिष्ठम् 16:8 बिना आधार का
अप्रतिष्ठः 6:38 आधार रहित, योग से भ्रष्ट हुआ
अप्रतीकारम् 1:46 प्रतिकार न करने वाले को, सामने न टिकने वाले को
अप्रदाय 3:12 बिना दिये
अप्रमेयम् 11:17,42 अमाप, प्रमाण से बाहर
अप्रमेयस्य 2:18 अमाप का
अप्रवृत्तिः 14:13 प्रवृत्ति का अभाव, मंदता
अप्राप्य 6:37, 9:3, 16:20 न पा कर (न पाने से), न पाते हुए
अप्रियम् 5:20 अप्रिय, अनिष्ट वस्तु
तुल्यप्रिय-**अप्रियः** 14:24

अप्सु 7:8 पानी में
अफलप्रेप्सुना 18:23 फल की इच्छा रहित
अफलाकाङ्क्षिभिः 17:11,17 जिनको फल की इच्छा नही उनसे
अबुद्धयः 7:24 बुद्धिहीन, अज्ञानी, मूर्ख लोग
अब्रवीत् 1:2,27 बोला
4:1 कहा
अभक्ताय 18:67 जो भक्त नहीं है उसे
अभयम् 10:4, 16:1 अभय, निर्भयता
भय-**अभये** 18:30
अभवत् 1:13 था, हुआ
अभावयतः 2:66 ध्यानरहित को, जिसे भक्ति नहीं उसे
अभावः 2:16 नाश, अभाव
10:4 मृत्यु
अभाषत 11:14 बोला
अभिक्रमनाशः 2:40 आरंभ का नाश
अभिजनवान् 16:15 कुलीन
अभिजातस्य 16:3,4 (लेकर) जन्मे हुए का
अभिजातः 16:5 (लेकर) जन्मा हुआ
अभिजानन्ति 9:24 (वे) पहचानते हैं, जानते हैं
अभिजानाति 4:14, 7:13,25, 18:55 अच्छी तरह जानता है, पहचानता है
अभिजायते 2:62, 6:41, 13:23 उत्पन्न होता है, जन्म लेता है
अभितः 5:26 सर्वत्र, सब स्थितियों में, जीते हुए व मरने के बाद
अभिधास्यति 18:68 कहेगा, देगा
अभिधीयते 13:1, 17:27, 18:11 कहलाता है
अभिनन्दति 2:57 हर्षित होता है
अभिप्रवृत्तः 4:20 तत्लीन हुआ, पूरी तरह प्रवृत्त हुआ
अभिभवति 1:40 आक्रमण करता है, डुबा देता है
अधर्म-**अभिभवात्** 1:41
अभिभूय 14:10 पराजय करके, दबाकर
अभिमानः 16:4 अभिमान, गर्व
अभिमुखाः 11:28 तरु मुंह वाले (होकर), अभिमुख, की ओर

अभिरक्षन्तु 1:11 बराबर रक्षण करो
भीम-**अभिरक्षितम्** 1:10
भीष्म-**अभिरक्षितम्** 1:10
अभिरतः 18:45 निष्ठावान, गूंथा हुआ, रत (रहकर)
अभिविज्वलन्ति 11:28 धधकते हुए, प्रकाशमान
अन्-**अभिष्वंगः** 13:9
अभिसंधााय 17:12 को उद्देश्य करके, के उद्देश्य से
अन्-**अभिसंधाय** 17:25
अभिहिता 2:39 कही, कही हुई है
अभ्यधिकः 11:43 ज्यादा, अधिक
नास-**अभ्यन्तर**चारिणौ 5:27
अभ्यर्च्य 18:46 संतुष्ट करके, भजकर
स्वाध्याय-**अभ्यसनम्** 17:15
अभ्यसूयकाः 16:18 बहुत निन्दा करने वाले, दूसरों का उत्कर्ष सहन न करने वाले
अभ्यसूयति 18:67 द्वेष करता है, दोष निकालता है
अभ्यसूयन्तः 3:32 दोष निकालने वाले
अभ्यहन्यन्त 1:13 बज उठे, बजे
अभ्यासयोगयुक्तेन 8:8 अभ्यासरूप योग से एकाग्र हुए (चित्त) से, अभ्यास द्वारा
अभ्यासयोगेन 12:9 चित्त को एक स्वरूप में पिरोने से, अभ्यास योग द्वारा
अभ्यासात् 12:12 अभ्यास-अभ्यासमार्ग-करते हुए
18:36 अभ्यास-सेवन-द्वारा
अभ्यासे 12:10 अभ्यास क्रिया में
अभ्यासेन 6:35 अभ्यास से
पूर्व-**अभ्यासेन** 6:44
अभ्युत्थानम् 4:7 वृद्धि, जोर करना, जोर पर आना
छिन्न-**अभ्रम्** 6:38
हर्ष-**अमर्ष**-भयोद्वेगैः 12:15
अमलान् 14:14 निर्मल
अमानित्वम् 13:7 नम्रता, आत्मस्तुति न करना

अमितविक्रमः 11:40 अपार वीर्य वाले
अमी 11:21,26,28 ये
अमुत्र 6:40 परलोक में
अमूढाः 15:5 ज्ञानी पुरुष
अमृतत्वाय 2:15 मोक्ष के, -अमरता के लिए
यज्ञशिष्ट-**अमृत**भुजः 4:31
अमृतम् 9:19, 13:12, 14:20 अमरता, मोक्ष
10:18 अमृतवाणी
धार्म्य-**अमृतम्** 12:20
अमृतस्य 14:27 मोक्ष का, अविनाशी का, अमृत का
अमृतोद्भवम् 10:27 अमृत में से उत्पन्न, अमृतमंथन के समय निकला हुआ
अमृतोपमम् 18:37,38 अमृत की उपमा के योग्य, अमृत जैसा
अमेध्यम् 17:10 यज्ञ के बिल्कुल अयोग्य, अपवित्र, अभक्ष्य
दिव्यमाल्य-**अम्बर**धरम् 11:11
अम्बुवेगाः 11:28 जलप्रवाह, नदियों की मोटी धाराऐं
अम्भसा 5:10 पानी से
अम्भसि 2:67 पानी में
कटु-**अम्ल**लवणात्युष्णतीक्ष्णरूक्षविदाहिनः 17:9
अयज्ञस्य 4:31 यज्ञ न करने वाले को (के लिए)
अयतिः 6:37 जो पूरा प्रयत्न नहीं कर सका हो, यत्न में कमजोर
अयथावत् 18:31 गलत तरीके से, जो यथायोग्य न हो
उत्तर-**अयन(ण)म्** 8:24
दक्षिण-**अयनम्** 8:25
अयनेषु 1:11 मार्गों में, नियुक्त स्थानों में
अयशः 10:5 अपकीर्ति, अपयश
अयम् 2:19,20,20,24,24,24,25,25,25,30,58, 3:9,36, 4:3,31,40, 6:21,33, 7:25, 8:19, 11:1, 13:31, 15:9, 17:3 यह
अयुक्तस्य 2:66 जिसे समत्व न हो उसे
अयुक्तः 5:12 अयोगी, अस्थिरचित्त
18:28 चंचल, असावधान, अव्यवस्थित
अयोगतः 5:6 कर्मयोग के बिना

अरतिः 13:10 अप्रीति, (सम्मिलित होने की) अरुचि
अरागद्वेषतः 18:23 रागद्वेष के बिना
सुहृन्मित्र-**अरि**-उदासीनमधयस्थद्वेष्यबंधुषु 6:9
मित्र-**अरि**-पक्षयोः 14:25
अरिसूदन 2:4 हे शत्रु का नाश करने वाले कृष्ण
दीप्तानल-**अर्क**द्युतिम् 11:17
अर्चितुम् 7:21 पूजना, भक्ति करना
अभि-**अर्च्य** 18:46
अर्जुन 2:2,45, 3:7, 4:5,9,37, 6:16,32,46,
7:16,26, 8:16,27, 9:19, 10:32,39,42,
11:47,54, 18:9,34,61 हे अर्जुन
अर्जुनम् 11:50 अर्जुन को
अर्जुनः 1:21,47 अर्जुन
केशव-**अर्जुन**योः 18:76
भीम-**अर्जुन**समाः 1:4
अर्थकामान् 2:5 द्रव्य की कामना वालों को, अर्थ और काम-रूप (भोगों को)
तत्त्वज्ञान-**अर्थ**दर्शनम् 13:11
अतत्त्व-**अर्थवत्** 18:22
अर्थव्यपाश्रयः 3:18 व्यक्तिगत लाभ, हानिलाभार्थ व्यवहार, प्रयोजनसंबंध
अर्थसंचयान् 16:12 द्रव्य संचय को
अर्थः 2:46, 3:18 अर्थ, प्रयोजन, स्वार्थ
अनुकम्पा-**अर्थम्** 10:11
अवहास-**अर्थम्** 11:42
कामभोग-**अर्थम्** 16:12
तद्-**अर्थम्** 3:9
दम्भ-**अर्थम्** 17:12
प्रत्युपकार-**अर्थम्** 17:21
मद्-**अर्थम्** 12:10
संज्ञा-**अर्थम्** 1:7
सत्कारमानपूजा-**अर्थम्** 17:18
यज्ञ-**अर्थात्** 3:9

इन्द्रिय-**अर्थान्** 3:6
धर्मकाम-**अर्थान्** 18:34
सर्व-**अर्थान्** 18:32
धर्मसंस्थापन-**अर्थाय** 4:8
अर्थार्थी 7:16 धनादि की इच्छा वाला, प्राप्ति की इच्छा वाला
अर्थ-**अर्थी** 7:16
तद्-**अर्थीयम्** 17:27
अर्थे 1:33, 2:27 वास्ते
3:34 के विषयों में
मद्-**अर्थे** 1:9
इन्द्रिय-**अर्थेभ्यः** 2:58
इन्द्रिय-**अर्थेषु** 5:9, 6:4, 13:8
अर्पणम् 4:24 अर्पण करने की-होमने की-क्रिया, होमने का साधन
मद्-**अर्पणम्** 9:27
अर्पितमनोबुद्धिः 8:7, 12:14 जिसने मन तथा बुद्धि अर्पण की है
अर्यमा 10:29 पितरों का देवता, अर्यमा
अर्हति 2:17 (वह) शक्तिमान होता है, लायक होता है
अर्हसि 2:25,26,27,30,31, 3:20, 6:39, 10:16,
11:44, 16:24 (तुम) लायक हो, (तुम्हें) उचित लगता है
अर्हाः 1:37 योग्य
पूजा-**अर्हौ** 2:4
अलसः 18:28 आलसी
लाभ-**अलाभौ** 2:38
अलोलुप्त्वम् 16:2 लोलुप्तता का अभाव, अलोलुप्तता
अल्पबुद्धयः 16:9 अल्पमति वाले, मंदमति
अल्पमेधसाम् 7:23 कम बुद्धिवालों का, अल्पबुद्धि लोगों का
अल्पम् 18:22 तुच्छ, थोड़ा
अवगच्छ 10:41 जानो
प्रत्यक्ष-**अवगमम्** 9:2
अवजानन्ति 9:11 अवज्ञा-तिरस्कार-करते हैं
अवज्ञातम् 17:22 अवज्ञापूर्वक, अपमान करके, तिरस्कार से

अवतिष्ठति 14:23 स्थिर रहता है
अवतिष्ठते 6:18 स्थिर होता है
अवधयः 2:30 अवध्य, जिसको मारा न जा सके
अवनिपालसंघैः 11:26 राजाओं के समुदाय सहित
युक्तस्वप्न-**अवबोधस्य** 6:17
अवरम् 2:49 नीचे का, तुच्छ
अन्-**अवलोकयन्** 6:13
अवशम् 9:8 पराधीन, असहाय
अवशः 3:5, 6:44, 8:19, 18:60 पराधीन, परवश, असहाय, बरबस
अवशिष्यते 7:2 बाकी रहता है
अवष्टभ्य 9:8 आश्रय लेकर, वश में करके
16:9 पकड़े रखकर
अवसादयेत् 6:5 नाश करे, अधःपात करे
अवस्थातुम् 1:30 खड़ा-स्थिर-रहना
ज्ञान-**अवस्थित**चेतसः 4:23
अवस्थितम् 15:11 रहे हुए को
सम्-**अवस्थितम्** 13:28
अवस्थितः 9:4, 13:32 प्रतिष्ठित-के आश्रित हुआ
अवस्थितान् 1:22,27 खड़े हुओं को
अवस्थिताः 1:11,33, 2:6, 11:32 रहे हुए, खड़े हुए, खड़ा किये हुए
अवहासार्थम् 11:42 हंसी मजाक में, विनोद के लिए
अवाच्यवादान् 2:36 न बोलने योग्य बोल
अन्-**अवाप्तम्** 3:22
अवाप्तव्यम् 3:22 प्राप्त करने को, प्राप्त करने योग्य
अवाप्तुम् 6:36 प्राप्त होना, साधना
अवाप्नोति 15:8, 16:23, 18:56 प्राप्त करता है, पा लेता है
अवाप्य 2:8 प्राप्त करके, पाकर
अवाप्यते 12:5 प्राप्त की जाती है
अवापस्यथ 3:11 प्राप्त करोगे
अवाप्स्यसि 2:38,53, 12:10 प्राप्त करोगे, पा लोगे
2:33 के भागी होगे

अविकम्पेन 10:7 अचल, अविचल (के साथ)
अविकार्यः 2:25 जो विकार को प्राप्त ने हो, विकाररहित
अविज्ञेयम् 13:15 जो न जाना जा सके ऐसा
अविद्वांस 3:25 अज्ञानी
अविधिपूर्वकम् 9:23, 16:17 विधिरहित, अज्ञानपूर्वक, विधि बिना
अविनश्यन्तम् 13:27 अविनाशी को
अविनाशि 2:17 नाशरहित, अविनाशी
अविनाशिनम् 2:21 अविनाशी को
अविपश्चितः 2:42 अज्ञानी, विवेकहीन लोग
अविभक्तम् 13:16 अखंडित, अविभक्त
18:20 एकता को
धार्म-**अविरुद्धः** 7:11
अवेक्षे 1:23 देखूं
अवेक्ष्य 2:31 देखकर, समझकर
अव्यक्तनिधनानि 2:28 जिनका अन्तकाल अप्रकट है, जिसकी मरने के बाद की स्थिति देखी नहीं जा सकती ऐसे
अव्यक्तम् 7:24 अप्रकट, अव्यक्त, इन्द्रियों से अतीत
12:1,3 अव्यक्त को
13:5 प्रकृति (अर्थात् त्रिगुणमयी माया)
अव्यक्तमूर्तिना 9:4 अप्रकट मूर्ति से, (मेरे) अव्यक्त स्वरूप से
अव्यक्तसंज्ञके 8:18 जो अव्यक्त नाम से पहचाना जाता है उसमें
अव्यक्तः 2:25, 8:20,21 अव्यक्त, इंन्द्रियों द्वारा अगम्य
अव्यक्ता 12:5 अव्यक्त-निर्गुणब्रह्म-संबंधी
अव्यक्तात् 8:18 प्रकृति में से, अव्यक्त में से
8:20 अव्यक्त से-की
अव्यक्तादीनि 2:28 जिसका आरम्भ अप्रकट है, जिसकी पूर्व की स्थिति देखी नहीं जा सकती ऐसा
अव्यक्तासक्तचेतसाम् 12:5 अव्यक्त का चिंतन करने वालों को, जिनका चित्त अव्यक्त में लगा है उनको
अव्यभिचारिणी 13:10 एकनिष्ठ
अव्यभिचारिण्या 18:33 एकनिष्ठ (..के द्वारा)

अव्यभिचारेण 14:26 एकनिष्ठ (..के द्वारा)
अव्ययस्य 2:17, 14:27 अविकारी का, शाश्वत का
अव्ययम् 2:21, 4:1,13, 7:13,24,25, 9:2,13,18, 11:2,4, 14:5, 15:1,5, 18:20,56 अव्यय, अविकारी, निर्विकारी, नाशरहित
अव्ययः 11:18, 13:31, 15:17 अविनाशी, अव्यय
अव्ययात्मा 4:6 अविनाशी
अव्ययाम् 2:34 अविनाशी, सदा के लिए
अव्यवसायिनाम् 2:41 जो अनिश्चित हैं उनकी, अनिश्चय वालों की
अशक्तः 12:11 अशक्त, असमर्थ
महा-**अशनः** 3:37
अशमः 14:12 अशांति
अशस्त्रम् 1:46 शस्त्रहीन को
अशान्तस्य 2:66 अशांत का, जिसको शान्ति नहीं उसे
अशाश्वतम् 8:15 अनित्य, अशाश्वत
अशास्त्रविहितम् 17:5 जिसकी शास्त्र में मनाही हो, शास्त्रीय-विधि रहित
यज्ञशिष्ट-**अशिनः** 3:13
अशुचिव्रताः 16:10 अमंगल आचारवाले, अशुभ-निश्चयों वाले
अशुचिः 18:27 अपवित्र, मैला
अशुचौ 16:16 अपवित्र-अशुभ-में
शुभ-**अशुभ**परित्यागी 12:17
शुभ-**अशुभ**फलैः 9:28
शुभ-**अशुभम्** 2:57
अशुभात् 4:16, 9:1 अशुभ-पाप-में से, अकल्याण में से
अशुभान् 16:19 पापीओं को, अमंगल को
अशुश्रूषवे 18:67 जो न सुनना चाहे उसको
अशेषतः 6:24,39, 7:2 पूरी रीत से, पूर्णतः
18:11 सर्वथा
अशेषेण 4:35, 10:16, 18:29,63 निःशेष, पूरी तरह से
अशोच्यान् 2:11 शोक न करने योग्य को
अशोच्यः 2:24 जो न सूख सके
अति-**अशनतः** 6:16

अन्-**अशनतः** 6:16
अश्नन् 5:8 खाते हुए
अश्नन्ति 9:20 (वे) भोगते हैं, सेवन करते हैं
अश्नामि 9:26 (मैं) सेवन करता हूं
अश्नासि 9:27 (तुम) खाते हो
अश्नुते 3:4, 5:21, 6:28 (वह) अनुभव करता है
13:12, 14:20 पाता है
समलोष्ट-**अश्म**कांचनः 6:8; 14:24
अश्रद्दधानः 4:40 श्रद्धारहित
अश्रद्दधानाः 9:3 जिन्हे श्रद्धा नहीं है
अश्रद्धया 17:28 श्रद्धा के बिना
अश्रुपूर्णाकुलेक्षणम् 2:1 आंसुसे जिसकी आंखे भरकर व्यकुल हो गई हैं उसे, अश्रुपूर्ण व्याकुल नेत्रों वाले को
अश्रौषम् 18:74 (मैंने) सुना
अश्वत्थम् 15:1,3 अश्वत्थ को, अश्वत्थ वृक्ष को, आने वाले काल तक न टिके ऐसे (क्षणभंगुर) को
अश्वत्थः 10:26 पीपल, अश्वत्थ वृक्ष
अश्वत्थामा 1:8 द्रोणाचार्य का पुत्र
अश्वानाम् 10:27 घोड़ों में
अश्विनौ 11:6,22 (दो) अश्विनीकुमार
अष्टधा 7:4 आठ प्रकार की, आठ प्रकार से
असक्तबुद्धिः 18:49 अनासक्तबुद्धि वाला, जिसने आसक्ति छोड़ दी है
असक्तम् 9:9, 13:14 आसक्तिरहित
असक्तः 3:7,19,19,25 फलेच्छारहित, संगरहित
असक्तात्मा 5:21 जिसका मन आसक्त नहीं
असक्तिः 13:9 संगरहितता
असंगशस्त्रेण 15:3 असंगरूपी शस्त्र द्वारा
असतः 2:16 असत् का
असत् 9:19, 11:37, 13:12, 17:28 असत्
सद्-**असत्** 11:37
असत्कृतम् 17:22 सत्कार किये बिना, मान बिना

असत्कृतः 11:42 अपमान किया हुआ
असत्यम् 16:8 असत्य
असद्ग्राहान् 16:10 अशुभ निश्चयों को दुष्ट इच्छाओं को
सद्-**असद्**योनिजन्मसु 13:21
असपत्नम् 2:8 शत्रुरहित, निष्कंटक
असमर्थः 12:10 अशक्त, असमर्थ
असंन्यस्तसंकल्पः 6:2 जिसने संकल्पों का त्याग नहीं किया
असंमूढः 5:20, 10:3, 15:19 मोहरहित, ज्ञानी, जिसका मोह नष्ट हो गया है
असंमोहः 10:4 मोहरहितता, अमूढ़ता
असंयतात्मना 6:36 जिसने संयम नहीं पालन किया उससे, जिसका मन अपने वश में नहीं उससे
असंशयम् 6:35, 7:1, 8:7 बेशक, निश्चयपूर्वक
असंशयः 18:68 निःशंक
असि 4:3,36, 8:2, 10:17, 11:38,40,42,43,52,53, 12:10,11, 16:5, 18:64,65 (तुम) हो
असितः 10:13 एक ऋषि का नाम
असिद्धौ 4:22 निष्फलता होने पर
सिद्धि-**असिद्ध्योः** 2:48; 18:26
